मिशन शिक्षण संवाद

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# मिशन शिक्षण संवाद

## संक्षिप्त प्रश्नोत्तरी

## हिन्दी (कलरव) कक्षा-3


**संकलनकर्ता**

ज्ञान प्रकाश, प्र.अ.

प्रा. वि. जैतपुर-फफूंद

वि.ख.-भाग्यनगर, जनपद-औरैया

{ उ.प्र. }




## पाठ 1 प्रार्थना

**प्रश्न 1-माटी का अर्थ क्या है?** **उत्तर-** मिट्टी
**प्रश्न 2-जल का समानार्थी शब्द क्या है?** **उत्तर-**पानी, अम्बु, नीर
**प्रश्न 3-सरस का अभिप्राय क्या है?** **उत्तर-**रसीला या माधुर्यपूर्ण
**प्रश्न 4-वन का क्या अर्थ है?** **उत्तर-**जंगल
**प्रश्न 5-बाट के पर्यायवाची बताओ।** **उत्तर-**रास्ता, पथ, मग, मार्ग
**प्रश्न 6-तन का अर्थ स्पष्ट करें।** **उत्तर-**शरीर
**प्रश्न 7-विमल का अर्थ क्या है?** **उत्तर-**स्वच्छ, उज्ज्वल या मल से रहित
**प्रश्न 8-इस प्रार्थना के रचयिता कौन हैं ?** **उत्तर-**गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर

## पाठ 2 मुर्गा और लोमड़ी

**प्रश्न 1-मुर्गा कहां बैठा था ?** **उत्तर-**पेड़ की डाल पर ।
**प्रश्न 2-किसने किससे कहा "तुम डाल पर क्या कर रहे हो?"** **उत्तर-**लोमड़ी ने मुर्गे से ।
**प्रश्न 3-"मुर्गे को तो जमीन पर चलते-फिरते रहना" चाहिए। आओ नीचे उतर आओ।"**
**उत्तर-**लोमड़ी ने मुर्गे से।
**प्रश्न 4-"मैं खूँखार जानवरों के डर से यहां बैठा हूँ।"** **उत्तर-**मुर्गे ने लोमड़ी से
**प्रश्न 5-"पशु पक्षियों में समझौता हो गया है, अब कोई किसी पर हमला नहीं करेगा।"**
**उत्तर-**लोमड़ी ने मुर्गे से।
**प्रश्न 6-"यह तो वास्तव में दुनिया का सबसे अच्छा समाचार है।"** **उत्तर-**मुर्गे ने लोमड़ी से।
**प्रश्न 7-"क्या देख रहे हो?"** **उत्तर-**लोमड़ी ने मुर्गे से।
**प्रश्न 8-"कुछ शिकारी कुत्ते तेजी से इस ओर दौड़े चले आ रहे हैं।"** **उत्तर-**मुर्गे ने लोमड़ी से।
**प्रश्न 9-"क्षमा करना मित्र, मैं चली।"** **उत्तर-**लोमड़ी ने मुर्गे से ।
**प्रश्न 10-"अरे तुम घबरा क्यों रही हो? तुम्हें क्या डर है?"** **उत्तर-**मुर्गे ने लोमड़ी से।
**प्रश्न 11-"लगता है शिकारी कुत्तों ने अभी यह समाचार नहीं सुना।"** **उत्तर-**लोमड़ी ने मुर्गे से।
**प्रश्न 12-हमें समाचार किन किन माध्यमों से प्राप्त होते हैं ?**
**उत्तर-** रेडियो, टेलीविजन, समाचारपत्र, इंटरनेट आदि से।
**प्रश्न 13-इस पाठ के लेखक कौन हैं ?** **उत्तर-**सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला।

## पाठ 3 बादल किसके काका

**प्रश्न 1-कविता में किस मौसम का वर्णन किया गया है ?** **उत्तर-**बरसात, वर्षा का।
**प्रश्न 2-सूरज क्यों नहीं दिखाई दे रहा है?** **उत्तर-**आसमान में बादलों के कारण।
**प्रश्न 3-सूरज के समानार्थी शब्द कौन-कौन हैं ?** **उत्तर-**रवि, दिनकर, आदित्य, भाष्कर।
**प्रश्न 4-पानी को और किस नाम से जानते हैं ?** **उत्तर-**जल, नीर, अम्बु।
**प्रश्न 5-बादल के पर्यायवाची बताएं।** **उत्तर-**जलद, वारिद, नीरद, अम्बुद।
**प्रश्न 6-जोर-जोर से क्या गरज रहे हैं?** **उत्तर-**बादल
**प्रश्न 7- बारिश में तुम क्या-क्या करते हो ?** **उत्तर-**भीगते, खेलते, कागज की नाव चलाते हैं।
**प्रश्न 8-बारिश में क्या करने से मना किया जाता है?** **उत्तर-**भीगने और खेलने को।
**प्रश्न 9-क्यों मना किया जाता है?** **उत्तर-**बीमार होने से बचने के लिए।
**प्रश्न 10-इस कविता की रचयिता कौन हैं?** **उत्तर-**सुभद्रा कुमारी चौहान

## पाठ -4 तालाब में चाँद

**प्रश्न 1-बंदरों ने तालाब में क्या देखा ?** **उत्तर**-चमकता चाँद
**प्रश्न 2-बंदरों ने चाँद को क्यों पकड़ना चाहा ?** **उत्तर**-बंदरों को शरारत सूझी थी।
**प्रश्न 3-चाँद पकड़ने को तालाब में कौन कूदा?** **उत्तर**--बंदर
**प्रश्न 5-"मेरे कूदने से चाँद डर गया।" - किसने कहा?** **उत्तर**-बंदर ने।
**प्रश्न 6-फिर बंदरों ने क्या योजना बनाई ?**
**उत्तर**-एक दूसरे का हाथ पकड़, लटककर धीरे से चाँद पकड़ने की योजना बनाई।
**प्रश्न 7-अचानक क्या हुआ?** **उत्तर**-अचानक डाल टूटी और एक बन्दर का हाथ छूटा।
**प्रश्न 8-बंदर कहाँ गिरे ?** **उत्तर**-मगरमच्छ की पीठ पर।
**प्रश्न 9-"डरो मत, मेरी पूँछ पकड़ लो।" -किसने कहा ?** **उत्तर**-मगरमच्छ ने।
**प्रश्न 10-तालाब में चाँद था या कुछ और ?** **उत्तर**-चाँद की परछाई।

## पाठ – 5 साहसी सीमा

**प्रश्न 1-सीमा के साथ घर पर कौन था?** **उत्तर**-उसका छोटा भाई।
**प्रश्न 2-सीमा के माता-पिता कहाँ गये थे?** **उत्तर**-सीमा की दीदी के घर।
**प्रश्न 3-सीमा के माता पिता उसकी दीदी के घर क्यों गये थे?** **उत्तर**-तीज का सामान देने।
**प्रश्न 4-रात में सीमा क्यों जाग गई?** **उत्तर**-शोर सुनकर।
**प्रश्न 5-गाँव में अचानक क्या समस्या हो गयी थी?** **उत्तर**-बाढ़ आ गयी थी।
**प्रश्न 6-सीमा ने कमरे में आकर सबसे पहले क्या किया?** **उत्तर**-छोटे भाई को जगाया।
**प्रश्न 7-भाई-बहन ने मिलकर क्या काम किया?** **उत्तर**-जरूरी सामान ऊँची जगह रखा।
**प्रश्न 8-घर में पानी कितनी ऊँचाई तक आ गया था?** **उत्तर**-कमर तक
**प्रश्न 9-दोनों सीढ़ी लगाकर कहाँ पहुँचे?** **उत्तर**-छत पर
**प्रश्न 10-सीमा रातभर कहाँ बैठी रही?** **उत्तर**-छत पर।
**प्रश्न 11-सुबह छत से सीमा ने किसे आवाज दी?** **उत्तर- पड़ोसी** रहीम चाचा को।
**प्रश्न 12-बचाव कार्य कब शुरु हुआ?** **उत्तर**-दोपहर में।
**प्रश्न 13-बचाव कार्य किसकी सहायता से किया गया?** **उत्तर**-दो नाव व एक मोटरबोट से।
**प्रश्न 14-एक नाव में कुल कितने लोग बैठ सकते थे?** **उत्तर**-पन्द्रह
**प्रश्न 15 -नाव व मोटरवोट में क्या अन्तर है?**
**उत्तर**-नाव हाथ से चलती है और मोटरवोट स्वचालित होती है।
**प्रश्न 16 -बाढ़ से क्या क्या नुकसान होता है?** **उत्तर**-जन, धन की अपार हानि।

## पाठ – 6 सबसे पहले

**प्रश्न 1-डैने का क्या अर्थ है?** **उत्तर**-पंख
**प्रश्न 2-कवि सबसे पहले उठकर क्या सुनना चाहता है?** **उत्तर**-चिड़ियों का चहकना।
**प्रश्न 3-कवि सबसे पहले उठकर क्या देखना चाहता है?** **उत्तर**-लाल, पीले, सुनहले बादल।
**प्रश्न 4 -कवि सबसे पहले उठकर क्या चुनना चाहता है?** **उत्तर**-डाली पर खिले सुन्दर फूल।
**प्रश्न 5 -कवि सबसे पहले उठकर क्या कहना चाहता है?** **उत्तर**-प्रात:काल का वर्णन।
**प्रश्न 6 -फूल कहाँ खिले हैं?** **उत्तर**-पौधे की डाली पर।
**प्रश्न 7 -कविता में कवि ने किस काल का वर्णन किया है?** **उत्तर**-प्रात:काल का।
**प्रश्न 8 -दिशाएं कितनी होती हैं ?** **उत्तर**-चार (पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण)
**प्रश्न 9 -सूर्य किस दिशा में निकलता है?** **उत्तर**-पूरब में।
**प्रश्न 10 -इस कविता के रचयिता कौन हैं?** **उत्तर**-डॉ. हरिवंशराय बच्चन।



मिशन शिक्षण संवाद

## पाठ -7 इसमें क्या शक है ?

**प्रश्न 1-आदमी के पास क्या था?** **उत्तर**-एक तोता।
**प्रश्न 2-महल का अर्थ क्या है?** **उत्तर**-राजा का निवास या घर ।
**प्रश्न 3 -प्रजा से क्या तात्पर्य है?** **उत्तर**-जनता
**प्रश्न 4 -शत्रु का मतलब क्या है?** **उत्तर**-दुश्मन।
**प्रश्न 5 -बेवकूफ का क्या अभिप्राय है?** **उत्तर**-मूर्ख या नासमझ।
**प्रश्न 6 -तोते ने राजा के हर प्रश्न का क्या उत्तर दिया?** **उत्तर**-इसमें क्या शक है?
**प्रश्न 7 -राजा ने तोते को बेवकूफ क्यों कहा?** **उत्तर**-क्योंकि तोते ने एक ही रट लगा रखी थी।

## पाठ – 8 अगर पेड़ भी चलते होते

**प्रश्न 1-अचानक का मतलब क्या है?** **उत्तर**-एकदम से या एकाएक।
**प्रश्न 2 -मधुर से क्या तात्पर्य है?** **उत्तर**-मीठा
**प्रश्न 3 -झट का समानार्थी क्या है?** **उत्तर**-तुरन्त या जल्दी से।
**प्रश्न 4 -अगर पेड़ चलते होते तो पेड़ों में क्या बदलाव होते?** **उत्तर**-पेड़ों के भी हाथ व पैर होते।
**प्रश्न 5 -अगर पेड़ चलते होते तो किसको, कैसी परेशानियाँ उठानी पड़ती?**
**उत्तर**-विशाल पेड़ों के आ जाने, गिरने से यातायात व जनजीवन बाधित होता रहता।
**प्रश्न 6 -वृक्ष हमारे किस काम आते हैं?**
**उत्तर**-ऑक्सीजन, छाया, फल, जल, दवा, कागज, फर्नीचर आदि के काम आते हैं।
**प्रश्न 7 -वृक्षों के प्रति हमें कैसा व्यवहार करना चाहिए ?** **उत्तर**-सुहानुभूतिपूर्ण
**प्रश्न 8 -उन पेड़ों के नाम बताओ जिन पर फल लगते हैं।** **उत्तर**-आम, नीम, कटहल, पीपल, बरगद।
**प्रश्न 9-ऐसे पेड़ों के नाम बताओ जिनपर फल नहीं लगते।** **उत्तर**-गुड़हल, गुलाब।
**प्रश्न -इस कविता के रचयिता का नाम लिखो।** **उत्तर**-दिविक रमेश।

## पाठ – 9 वाराणसी की यात्रा

**प्रश्न 1 -मोनू वाराणसी कब गया?** **उत्तर**-गर्मी की छुट्टियों में।
**प्रश्न 2 -मोनू वाराणसी किससे मिलने गया?** **उत्तर**-बुआ से।
**प्रश्न 3 -मोनू वाराणसी कैसे गया?** **उत्तर**-रेलगाड़ी से।
**प्रश्न 4 -मोनू वाराणसी किसके साथ गया?** **उत्तर**-दीदी के साथ।
**प्रश्न 5 -मोनू के फुफेरे भाई-बहन का क्या नाम था?** **उत्तर**-राजू और शैली।
**प्रश्न 6 -बुआ ने मोनू को खाने को क्या दिया?** **उत्तर**-रसगुल्ला।
**प्रश्न 7 -मोनू ने वाराणसी में क्या देखा?** **उत्तर**-विश्वनाथ मंदिर, दशाश्वमेघ घाट, बीएचयू, संकटमोचन मंदिर।
**प्रश्न 8 -बनारस हिंदू विश्ववद्यालय किसने बनवाया था?** **उत्तर**-महामना मदन मोहन मालवीय ने।
**प्रश्न 9 -हमारे देश का राजचिन्ह कहां से लिया गया है?** **उत्तर**-अशोक की लाट से।
**प्रश्न 10 -अशोक की लाट के ऊपरी हिस्से में कितने सिंह बने हैं?** **उत्तर**-चार।
**प्रश्न 11 -रेल के अलावा और टिकट कहाँ-कहाँ लगता है?**
**उत्तर**-बस, हवाईजहाज, चिड़ियाघर, पार्क,सर्कस, सिनेमाघर।
**प्रश्न 12 -कहीं जाने के लिए और कौन-कौन से साधन हैं?**
**उत्तर**- कार, बस, टैम्पो, रिक्शा, हवाईजहाज, साईकिल।



शिक्षण संवाद

## पाठ – 10 बंदर बांट

**प्रश्न 1 - दो बिल्लियाँ किस-किस रंग की थीं?** **उत्तर**-काले और सफेद रंग की ।

**प्रश्न 2 -बिल्लियों को किस चीज की महक आ रही थी ?** **उत्तर**-रोटी की।

**प्रश्न 3 -रोटी कहाँ थी ?** **उत्तर**-मेज पर।

**प्रश्न 4 -पहले रोटी किस बिल्ली ने देखी?** **उत्तर**-सफेद बिल्ली ने।

**प्रश्न 5 -दोनो बिल्लियाँ किस चीज पर झगड़ने लगीं?** **उत्तर**-रोटी पर।

**प्रश्न 6 -रोटी का बँटवारा किसने किया?** **उत्तर**-बंदर ने।

**प्रश्न 7 -बंदर ने किस चीज की सहायता से रोटी का बँटवारा किया?** **उत्तर**-तराजू से।

**प्रश्न 8 -झगड़े को निबटाने के लिए बंदर ने क्या किया?**

**उत्तर**- पूरी रोटी स्वयं खा कर झगड़े की जड़ ही समाप्त कर दी।

**प्रश्न 9 -बिल्लियों ने अंत में क्या निर्णय किया?** **उत्तर**-हम अपना फैसला मिलजुलकर करेंगे।

**प्रश्न 10 -कुछ चीजों के नाम बताओ जिन्हें तराजू से तौलते हैं?** **उत्तर**-अनाज, दाल, सब्जी।

## पाठ -11 पहेलियां

**प्रश्न 1 -अंत में ली वाले शब्द के साथ उत्तर बताओ ।**

एक फूल का नाम -चमेली

त्योहार का नाम -होली

सब्जी का नाम -मूली

पालतू जानवर का नाम -बिल्ली

बंदूक से निकलती है -गोली

विशेष अवसरों पर आंगन, द्वार पर बनाते हैं -रंगोली।

**प्रश्न 2 -बढ़ता का विलोम क्या है?** **उत्तर**-घटता।

**प्रश्न 3 -गर्मी का विपरीतार्थी शब्द क्या है?** **उत्तर**-सर्दी।

**प्रश्न 4-पगडण्डी का अर्थ क्या है?** **उत्तर**-पैदल चलने का सँकरा रास्ता।

## पाठ -12 चाँद का कुर्ता

**प्रश्न 1 -हठ का अर्थ क्या है?** **उत्तर**-जिद।

**प्रश्न 2 -हठ किसने की?** **उत्तर**-चाँद ने।

**प्रश्न 3 -चाँद ने माँ से क्या कहा?** **उत्तर**-ऊन का मोटा झिंगोला सिलवाने को कहा।

**प्रश्न 4 -चाँद कब ठिठुरने की बात कर रहा था?** **उत्तर**-सर्दी की रात में।

**प्रश्न 5 -'भाड़ा' का अर्थ क्या है?** **उत्तर**-किराया।

**प्रश्न 6 -आसमान का अभिप्राय क्या है?** **उत्तर**-आकाश।

**प्रश्न 7 -बदन का क्या अर्थ है?** **उत्तर**-शरीर।

**प्रश्न 8 -सफर का मतलब बताओ ?** **उत्तर**-यात्रा।

**प्रश्न 9 -चाँद बड़ा कब दिखाई देता है ?** **उत्तर**-पूर्णिमा को।

**प्रश्न 10 -आसमान में चाँद कब नहीं दिखाई देता है?** **उत्तर**-अमावस्या को।

मिशन शिक्षण संवाद

## पाठ – 13 सीख

**प्रश्न 1 -सबने किसके चित्र पर फूल चढ़ाए?** **उत्तर**-शीस्त्री जी व गांधी जी के चित्र पर।

**प्रश्न 2 -फिल्म किसने दिखाई और किस पर?** **उत्तर**-दादी जी ने, कंप्यूटर पर।

**प्रश्न 3 -कस्तूरबा कौन थी?** **उत्तर**-गांधी जी की पत्नी।

**प्रश्न 4 -गांधी जी ने पुस्तक में क्या पढ़ा था?** **उत्तर**-कुछ समय तक नमक न खाने से बीमारी में लाभ होता है।

**प्रश्न 5 -बीमार कौन था?** **उत्तर**-कस्तूरबा।

**प्रश्न 6 -गांधी जी ने कस्तूरबा से क्या कहा?** **उत्तर**-तुम कुछ दिन भोजन में नमक लेना बंद कर दो।

**प्रश्न 7 - "यह तो बड़ा कठिन है" - किसने कहा?** **उत्तर**-कस्तूरबा ने।

**प्रश्न 8 - 2 अक्टूबर को किन-किन महापुरुषों का जन्मदिन मनाया जाता है?**
**उत्तर**-लाल बहादुर शास्त्री और गांधी जी का।

**प्रश्न 9 -हमारी बात का दूसरों पर प्रभाव कब पड़ता है?** **उत्तर**-जब हम पहले स्वयं वैसा करें।

## पाठ – 14 माथापच्ची

**प्रश्न 1- वर्ग पहेली में खाने पीने की कौन-कौन सी चीजें मिली?**
**उत्तर**-साग, चाय, चीनी, दूध, खीर, मिर्च, दाल, दही, पूरी, शलजम, तरबूज, मलाई।

**प्रश्न 2 -खाने पीने वाली और कौन-कौन सी चीजें होती हैं?** **उत्तर**-रोटी, सब्जी, हलवा आदि ।

**प्रश्न 3 -वर्ग पहेली में कौन-कौन से बर्तन मिले?** **उत्तर**-चिमटा, लोटा, गिलास, जग, तवा।

**प्रश्न 4 -तुम किन-किन बर्तनों का प्रयोग करते हो?** **उत्तर**-कटोरी, गिलास, थाली, चम्मच, लोटा, जग, बाल्टी।

**प्रश्न 5 -वर्ग पहेली में तुम्हें लिखने-पढ़ने की कौन-कौन सी चीजें मिलीं?** **उत्तर**-किताब, कॉपी, पेन।

**प्रश्न 6-लिखने-पढ़ने वाली और कौन-कौन सी चीजें होती हैं?** **उत्तर**-पेंसिल, ड्राइंग बुक, शब्दकोश।

**प्रश्न 7-वर्ग पहेली में तुम्हें पहनने वाली कौन सी चीजें मिलीं?** **उत्तर**-मोजा, टाई।

## पाठ – 15 जड़ और फूल

**प्रश्न 1 -पेड़ में लाल फूलों के गुच्छे कैसे लगते हैं?** **उत्तर**-गुलदस्ता जैसे।

**प्रश्न 2-शैतानी किसे सूझी?** **उत्तर**-फूलों को।

**प्रश्न 3-फूल ने बदसूरत किसे कहा?** **उत्तर**-जड़ को।

**प्रश्न 4-गुलमोहर पर बिजली कब गिरी?** **उत्तर**-बरसात में।

**प्रश्न 5-बिजली गिरने से गुलमोहर कैसा हो गया?** **उत्तर**-ठूँठ सा।

**प्रश्न 6-पेड़ में नई कोपलें कब आयीं?** **उत्तर**-वसंत में।

**प्रश्न 7-किसकी सेवा, मेहनत से पेड़ फिर से पनपा?** **उत्तर**-जड़ की सेवा से।

**प्रश्न 8-अंत में फूलों ने जड़ से क्या कहा?** **उत्तर**-आप सचमुच खूबसूरत हो।

**प्रश्न 9-पेड़ वातावरण को कैसा करते हैं?** **उत्तर**-शुद्ध।

**प्रश्न 10-क्या हरे पेड़ों को काटना चाहिए?** **उत्तर**-नहीं।

## पाठ – 16 घुम्मकड़ तारक

**प्रश्न 1 -दोनो हंसों के नाम क्या थे?** **उत्तर**-पन्ना और पंखी।

**प्रश्न 2 -हंस कहाँ रहते थे?** **उत्तर**-तालाब के किनारे।

**प्रश्न 3 -तालाब में रहने वाले कछुआ का नाम क्या था?** **उत्तर**-तारक।

**प्रश्न 4 -एक दिन दोनो हंस तारक को कहाँ ले गए?** **उत्तर**-घुमाने ।

**प्रश्न 5 -तारक समुद्र में कैसे जा गिरा?** **उत्तर**-खुश होकर हँसने लगा।

**प्रश्न 6 -चकित का अर्थ क्या है?** **उत्तर**-अचंभित होना।

**प्रश्न 7 -तारक ने समुद्र में क्या-क्या देखा?**

**उत्तर**- पौधे, कीड़े-मकोड़े, ह्वेल, डाल्फिन, आक्टोपस, केकड़े, सितारा मछली।

**प्रश्न 8 -बड़े कछुए का नाम क्या था?** **उत्तर**-हीरक।

**प्रश्न 9 -हाथी से कई गुना बड़ी कौन सी मछली होती है?** **उत्तर**-ह्वेल।

**प्रश्न 10 -बातूनी मछलियाँ किन्हें कहते हैं?** **उत्तर**-डॉल्फिन मछलियों को।

**प्रश्न 11-पांच कोनों वाली मछली का क्या नाम है?** **उत्तर**-सितारा मछली।

**प्रश्न 12 -आठ हाथों वाले जीव का क्या नाम है?** **उत्तर**-ऑक्टोपस।

**प्रश्न 13- फिर तारक कहाँ रहने लगा?** **उत्तर**-गहरे समुद्र में।

## पाठ – 17 लोकगीत

**प्रश्न 1 -लोकगीत अक्सर कैसे गए जाते हैं?** **उत्तर**-समूह में।

**प्रश्न 2 -होरी का शुद्ध शब्द क्या है ?** **उत्तर**-होली।

**प्रश्न 3 -बिरज का सही रूप क्या है?** **उत्तर**-ब्रज।

**प्रश्न 4 -बरजोरी का अभिप्राय क्या है?** **उत्तर**-जबरदस्ती।

**प्रश्न 5 -प्रान का सही रूप क्या है?** **उत्तर**-प्राण।

**प्रश्न 6 -बटोही से क्या तात्पर्य है?** **उत्तर**-पथिक या राहगीर।

**प्रश्न 7 -चिरैया से क्या अभिप्राय है?** **उत्तर**-चिड़िया।

**प्रश्न 8 -बसेरा का समानार्थी शब्द क्या है?** **उत्तर**-विश्राम स्थल।

**प्रश्न 9 -कोकिला का अर्थ क्या है?** **उत्तर**-कोयल।

**प्रश्न 10 -चातक से क्या अभिप्राय है?** **उत्तर**-पपीहा पक्षी।

**प्रश्न 11 -दादुर से क्या तात्पर्य है?** **उत्तर**-मेंढक।

**प्रश्न 12 -आपके क्षेत्र का लोकगीत?** **उत्तर**-आल्हा, फाग।

## पाठ – 18 पत्र

**प्रश्न 1 -पत्र कब लिखा गया था?** **उत्तर**-5 फरवरी 2018 को।

**प्रश्न 2 -पत्र किसने, किसे लिखा था?** **उत्तर**- सरोज ने वहीदा को।

**प्रश्न 3 -पत्र कहां से लिखा गया?** **उत्तर**-चेन्नई से।

**प्रश्न 4 -चेन्नई में मौसम कैसा है?** **उत्तर**-गर्मी।

**प्रश्न 5 - चेन्नई में समोसे किससे बनते हैं?** **उत्तर**-चावल के आटे से।

**प्रश्न 6 -चेन्नई में खाने की प्रमुख चीजों के नाम बताओ।** **उत्तर**-इडली, डोसा, उपमा, साँभर।

**प्रश्न 7 -हर घर में किसके पेड़ लगे हैं?** **उत्तर**-नारियल व केले के।

**प्रश्न 8 -चेन्नई में लोग क्या पहनते हैं?** **उत्तर**-कमीज़ और सफेद लुंगी।

**प्रश्न 9 -फूलों के गजरे को और क्या कहते हैं?** **उत्तर**-वेणी।

**प्रश्न 10 -दूसरी भाषाएँ सीखने से क्या लाभ होता है?** **उत्तर**-बहुत सी नयी जानकारियां बढ़ती हैं।

**प्रश्न 11 -पत्र भेजने के लिए किस किसका प्रयोग किया जाता है?** **उत्तर**-पोस्टकार्ड, अन्तर्देशीय पत्र, लिफाफा।

मिशन शिक्षण संवाद

## पाठ – 19 सुभाष चन्द्र बोस

**प्रश्न 1-सुभाष चन्द्र बोस का जन्म कब हुआ था?** **उत्तर**-23 जनवरी 1897

**प्रश्न 2 -सुभाष चन्द्र बोस का जन्म कहाँ हुआ था?** **उत्तर**-कटक (उड़ीसा)।

**प्रश्न 3 -किस उम्र से उनकी शिक्षा आरंभ हुई?** **उत्तर**-पाँच वर्ष की उम्र से।

**प्रश्न 4 -बोस ने बी.ए. के बाद इंग्लैंड जाकर कौन सी परीक्षा पास की?** **उत्तर**-आई.सी.एस.।

**प्रश्न 5 -भारत लौटने पर उन्होंने क्या तय किया?** **उत्तर**-'नौकरी नहीं करेंगे।'

**प्रश्न 6 –उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष कब चुना गया?** **उत्तर**-1938 में |

**प्रश्न 7 -उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा कब दिया?** **उत्तर**-1939 में।

**प्रश्न 8 -उन्होंने किस दल की स्थापना की?** **उत्तर**-'फारवर्ड ब्लॉक' दल ।

**प्रश्न 9 -द्वितीय विश्वयुद्ध कब छिड़ गया?** **उत्तर**-1939 में।

**प्रश्न 10 -अंग्रेज सरकार ने सुभाष चन्द्र बोस को नजरबन्द क्यों किया?**

**उत्तर**- क्योंकि वे अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध के पक्ष में थे।

**प्रश्न 11 -आजाद हिन्द फौज का नेतृत्व किसने किया?** **उत्तर**-सुभाष चन्द्र बोस ने।

**प्रश्न 12 -सुभाष चन्द्र बोस ने कौन से नारे दिये?**

**उत्तर**-दिल्ली चलो, जय हिन्द, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा।

**प्रश्न -देशवासी सुभाष चन्द्र बोस को क्या कहकर पुकारते हैं?** **उत्तर**-नेता जी

## पाठ – 20 भारत है मेरा घर

**प्रश्न 1 -बिटियारानी कहाँ से चली थी?** **उत्तर**-दिल्ली से।

**प्रश्न 2 -रामेश्वरम से पहले वह कहाँ गई थी?** **उत्तर**-चंडीगढ़ और जयपुर।

**प्रश्न 3 -माँ ने रानी बिटिया से क्या पूछा?** **उत्तर**- कि "बाहर कहाँ गई थी?"

**प्रश्न 4 -बिटिया ने बाहर जाने को घर के अन्दर क्यों कहा?** **उत्तर**-बिटिया रानी ने कहा- 'भारत मेरा घर है।'

**प्रश्न 5 -इस कविता के रचयिता कौन है?** **उत्तर**-निरंकार देव 'सेवक'।

## पाठ – 21 घमंडी का बाग

**प्रश्न 1 -स्कूल से लौट के सभी बच्चे कहां खेलते थे?** **उत्तर**-घमंडी के बाग में।

**प्रश्न 2 -बाग कैसा था?** **उत्तर**-नरम हरी घास वाला सुंदर।

**प्रश्न 3 -चिड़ियाँ गाती तो बच्चे उन्हें सुनने के लिए क्या करते थे?** **उत्तर**-खेलना बन्द कर देते थे।

**प्रश्न 4 -अपने बाग में बच्चों को खेलता देख कौन चिल्लाया?** **उत्तर**-घमंडी।

**प्रश्न 5 -घमंडी ने बाग के चारों ओर क्या किया?** **उत्तर**-ऊँची चाहरदीवारी बनवाई।

**प्रश्न 6 -घमंडी ने बोर्ड में क्या लिखा?** **उत्तर**-बाग में आना सख्त मना है ।

**प्रश्न 7 -घमंडी के बाग में फूल क्यों नहीं आए?** **उत्तर**-उसके बाग में वसंत का मौसम न आया था।

**प्रश्न 8 -घमंडी का दिल क्या देखकर पिघल गया?**

**उत्तर**- कि पेड़ ने भी छोटे बच्चों के लिए डालियों को झुका दिया था।

**प्रश्न 9 -बच्चे घमंडी को देखकर क्यों भागे?** **उत्तर**-घमंडी से डर से।

**प्रश्न 10 -घमंडी ने छोटे बच्चे को कहाँ बिठा दिया?** **उत्तर**-पेड़ पर।

**प्रश्न 11 -घमंडी ने बच्चों को सबसे सुंदर फूल क्यों कहा?** **उत्तर**- बच्चे ही प्यार का दूसरा नाम हैं।

**प्रश्न 12 -अपनी चीजों को दूसरों के साथ बांटने पर तुम्हें कैसा लगता है?** **उत्तर**-अच्छा ।

**प्रश्न 13 -इस कहानी का और क्या शीर्षक हो सकता है?**

**उत्तर**- सुंदर फूल, प्यारे बच्चे, पछतावा, बसंत का आगमन।

**प्रश्न 14 -इस कहानी के लेखक का नाम क्या है?** **उत्तर**-ऑस्कर वाइल्ड।